संख्या-6648/15-12-85-10§54§/84

प्रेषक,

श्री एल0एस0 गौतम,
उप सचिव,
शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन,
लखनऊ।

NOC from UP Govt

सेवा में,

सेक्रेटरी,
सेन्ट्रल बोर्ड आफ सेकेण्डरी एजुकेशन,
2/19, संत विहार अंसारी रोड,
दरियागंज, नई दिल्ली।

शिक्षा अनुभाग-12 लखनऊ: दिनांक 11 फरवरी, 1986

विषय/- अनापत्ति प्रमाण पत्र।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि टिवेटन होम्स स्कूल, हैपी वैली, मसूरी को सेन्ट्रल बोर्ड आफ सेकेण्डरी एजूकेशन नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने में इस राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबन्धों/शर्तों के अधीन आपत्ति नहीं है:-

§क§ सामान्य प्रतिबन्ध

1- विद्यालय के प्रबंध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा
2- विद्यालय में हिन्दी विषय की शिक्षा अनिवार्य विषय के रूप में कक्षा 8 के बाद भी दी जायेगी।
3- विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान मेधावी निर्बल वर्ग के छात्रों के लिए भी सुरक्षित रहेंगे।
4- संस्था को राज्य सरकार द्वारा कोई अनुदान नहीं दिया जायेगा।
5- संस्था के सभी अध्यापक/अध्यापिकाएं प्रशिक्षित होंगे तथा शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय शिक्षा संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्ते से कम वेतनमान एवं अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे।
6- राज्य सरकार तथा शिक्षा विभाग द्वारा जो भी आदेश दिये जायें उनका पालन करना संस्था के लिये अनिवार्य होगा।
7- विद्यालय में अनुशासन एवं शिक्षा का स्तर उच्चकोटि का रखा जायेगा।

§ख§ विशेष प्रतिबन्ध

1- विद्यालय की प्रबंध समिति रजिस्टर्ड होगी तथा समय समय पर नियमानुसार नवीनीकरण भी कराया जाता रहेगा।
2- विद्यालय में प्रत्येक कक्षा/अनुभाग के लिये उचित आकार का एक कक्षा-कक्ष, 2 वैकल्पिक विषय कक्ष तथा 4 प्रशासनिक कक्ष की व्यवस्था की जायेगी।

3- कर्मचारियों की सेवा शर्ते बनाई जाय तथा उन्हे अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवा निवृत्त लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे।

4- विद्यालय का लेखा जोखा निर्धारित प्रपत्रों/पंजिकाओं में रखा जायेगा।

2- इन शर्तों का एक निश्चित समय के भीतर पूरा कर उनका पालन किया जाता रहेगा और इनमें से किसी भी शर्त का किसी समय उलंघन होने पर राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा।

भवदीय,

ह0/-एल0एस0 गौतम
उप सचिव।

संख्या-6648/15-12-85-10(54)/84

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित:-

1- शिक्षा निदेशक, उ0प्र0,इलाहाबाद,
2- जिला विद्यालय निरीक्षक, देहरादून।
3- उप शिक्षा निदेशक, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी गढ़वाल,
4- निरीक्षक आंग्ल भारतीय विद्यालय, उ0प्र0,लखनऊ।
5- हेड मास्टर, टिव्टोन होम्स स्कूल,हैपी वैली मसूरी।

आज्ञा से,

ह0/- एल0एस0 गौतम
उप सचिव।